प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.03.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। सत्र की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। 28 मार्च तक चलने वाले इस बजट सत्र में कुल 16 बैठकें होंगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी।

विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह व पूर्व सांसद किशन कपूर के निधन पर शोकोदगार के साथ शुरू होगी। इसके अलावा सदन में तारांकित व अतारांकित प्रश्न पूछे जाएंगे और उनके उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वर्तमान सप्ताह की शासकीय कार्यसूची के संबंध में वक्तव्य देंगे। इसके अलावा स्वीकृत विधेयक सभा पटल पर रखे जाएंगे। सदन में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भारतीय स्टांप अध्यादेश 2025 का प्रख्यापन सभा पटल पर रखेंगे। इसके अलावा अनुपूरक बजट वित्तीय वर्ष 2024–25 का प्रस्तुतिकरण, चर्चा व पारण होगा। सदन में बजट सत्र के दौरान कई विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे। इसके अलावा राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, प्रस्तुतिकरण व चर्चा होगी।

मंत्रिमंडल बैठक

इस बीच प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी आज विधानसभा सत्र की दूसरी बैठक संपन्न होने के बाद विधानसभा परिसर में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आबकारी नीति पर कोई निर्णय हो सकता है। इसके अलावा विधानसभा के बजट सत्र में पेश किए जा रहे विभिन्न विधेयकों पर भी चर्चा होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी मुहर लग सकती है।

एक राष्ट्र–एक चुनाव

शिमला स्थित प्रदेश विश्वविद्यालय में शिक्षक संघ द्वारा एक राष्ट्र–एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ताओं सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज ने अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नितिन व्यास ने बताया कि विश्वविद्यालय जैसे बड़े संस्थानों में उच्च स्तर पर देश के विभिन्न विषयों पर चर्चा व शोध किया जाता है और ऐसे में एक राष्ट्र–एक चुनाव जैसे मुद्दे पर जानकारों द्वारा चर्चा करना महत्वपूर्ण पहल है।

उप मुख्यमंत्री–बधाई

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्हिनोत्री ने हिमाचल पथ परिवहन निगम को राष्ट्रीय सार्वजनिक परिवहन उत्कृष्टता पुरस्कार 2023–24 में चार पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। अग्निहोत्री ने निगम के कर्मचारियों के प्रयासों सराहना करते हुए कहा कि उनकी लग्न और कड़ी मेहनत से निगम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी के कर्मचारी निगम की रीढ़ हैं जो दूरदराज के क्षेत्रों तक दिन रात लाखों लोगों की सेवा में समर्पित हैं। उप मुख्यमंत्री ने दोहराया कि वर्तमान राज्य सरकार निगम के कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत हल्के बादलों के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश में कल 12 मार्च से 16 मार्च तक बर्फबारी व वर्षा होने की संभावना है।

बोर्ड परीक्षा

प्रदेश में रद्द की गई जमा दो अंग्रेजी विषय की परीक्षा अब 29 मार्च को सांयकालीन सत्र में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। गौरतलब है कि बोर्ड ने ईमेल पर मिली एक शिकायत के आधार पर ये परीक्षा रद्द की थी।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

दैनिक भास्कर ने राज्यपाल के हवाले से खबर को प्रमुखता दी है। अभिभाषण में बताया–जीएसटी लागू होने से प्रदेश को नुकसान हुआ।

बकौल मुख्यमंत्री दिव्य हिमाचल लिखता है केंद्र से खैरात नहीं, हक मांग रहे। अमर उजाला के अनुसार बिजली प्रोजेक्टों में तय हो हिस्सा, फिर किसी से मांगने की जरूरत नहीं।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है कम छात्र संख्या वाले शिक्षण संस्थान अगले सत्र से होंगे बंद।

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है हिमाचल में 6 दिन तक बारिश और बर्फबारी के आसार, 4 जिलों में अलर्ट।